
पंजाब केसरी 21-11-2025

# जी.एम.एन. कॉलेज को एक बार फिर एपैक्स एस.डी.जी. पुरस्कार में ए-गोल्ड ग्रेड

अम्बाला, 20 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराया और वर्ष 2025 के एपैक्स एस.डी.जी. (सतत् विकास लक्ष्यों) पुरस्कार में ए-गोल्ड ग्रेड प्राप्त कर गर्व का नया आयाम जोड़ दिया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान कॉलेज द्वारा पूरे वर्ष सतत् विकास लक्ष्यों पर आधारित 22 नवाचारपूर्ण और प्रभावी गतिविधियों के सफल एवं परिणामकारी संचालन के लिए प्रदान किया गया है।



जी.एम.एन. कॉलेज को मिले एपैक्स एस.डी.जी. पुरस्कार में ए-गोल्ड ग्रेड के लिए संयोजकों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विभागों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी और एपैक्स एस.डी.जी. संयोजक डॉ. अमिता, एस.डी.जी. संयोजक डॉ. भारती विज तथा सभी गतिविधि संयोजकों को इस उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सराहा। प्राचार्य ने कहा कि यह सम्मान कॉलेज की सामाजिक ज़िम्मेदारी, गुणवत्ता उन्नयन और सतत विकास के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि उनके कॉलेज ने पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार तथा सामुदायिक सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इन सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, शिक्षकों की मार्गदर्शक भूमिका और विभिन्न विभागों का समन्वय इस उपलब्धि के प्रमुख स्तंभ रहे। इन सामूहिक प्रयासों ने जी.एम.एन. कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी जी.एम.एन. कॉलेज इसी समर्पणए मेहनत और नवाचार के साथ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रेरक स्तंभ बना रहेगा।